**Regarding APEDA centre**

श्री जगदम्बिका पाल **(डुमरियागंज) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

अध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों आपके नेतृत्व में पी20 हुआ और प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जी20 हुआ । इसमें दुनिया भर से आए हुए राष्ट्राध्यक्षों को काला नमक चावल, जिसको गौतम बुद्ध के प्रसाद के रूप में रेखांकित किया गया है और उत्तर प्रदेश सरकार ने उसको ?वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट? के रूप में अडॉप्ट भी किया है । आपको इसकी जानकारी भी है ।

इसके बावजूद आज उसके इम्पोर्ट के लिए, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि Agricultural & Processed Food Products Export Development Authority (APEDA) के केंद्र का वहां गठन हो, क्योंकि आज एमेजॉन और फिल्पकार्ट पर इसकी मांग है । पूरी दुनिया भर में बुद्ध को मानने वाले लोग इसको बुद्ध के प्रसाद के रूप में स्वीकार करते हैं । सिक्स-एडी पूर्व में गौतम बुद्ध इसको प्रसाद के रूप में दिया करते थे ।

अत: इसके विस्तार के लिए भारत सरकार कदम उठाए, यह मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं ।

धन्यवाद ।